## महत्वपूर्ण एवं खास

### अरविंद नेताम ने कांग्रेस पार्टी से दिया त्यागपत्र : राज्य सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के कांग्रेस नेतृत्व पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता अरविंद नेताम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नेताम ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम भेजे गए अपने इस्तीफे में अरविंद नेताम ने लिखा है कि वे कांग्रेस के सक्रिय व क्रियाशील सदस्य होने के नाते लगातार पार्टी की सेवा कर रहे थे। राहुल गांधी के आव्हान पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता स्वीकार की थी। कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद वे लगातार पार्टी को मजबुत करने के लिए क्रियाशील बने रहे। लेकिन राज्य में कांग्रेस नेतृत्व के सहयोग रवैये के कारण उन्हें काफी निराशा हुई। नेताम ने एक और कारण बताते हुए इस्तीफे में लिखा है कि प्रदेश नेतृत्व राज्य में आदिवासी समाज के लिए बाबा साहब डा. अंबेडकर के द्वारा प्रदान संवैधानिक अधिकारों के विपरीत जाकर काम कर पेसा कानून 1996 में आदिवासी समाज को जल, जंगल, जमीन में ग्रामसभा के अधिकारों को भी समाप्त कर दिया है, इस प्रकार से आदिवासी विरोधी सरकार होने का आरोप उन्होंने लगाया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आदिवासी हैं, इसीलिए वे विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से जशपुर के स्कूल लगे संवरने

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से अब जिले के स्कूल संवरने लगे हैं। शाला भवन की मरम्मत, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पत्थलगांव विकास खंड के शासकीय मिडिल स्कूल कुनकुरी को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कराया गया है। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले छत खराब होने के कारण पानी टपकता था, जिससे पढ़ाई करने में समस्या जाती थी। अब स्कूल की मरम्मत हो जाने से पानी टपकने से मुक्ति मिल गई है। दीवारों में रंग रोगन करके सुंदर बनाया गया है। स्कूल का वातावरण बहुत अच्छा लगता है। अब पढऩे में मन लगता है। बगीचा विकास खंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिमडा के विघार्थियों ने बताया कि उनका स्कूल भवन मरम्मत हो जाने से पढऩे लिखने के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है।

### मोबाइल शॉप से नकदी सहित अन्य सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** रविभवन स्थित मां शक्ति मोबाइल शॉप का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने एक नग मोबाइल सहित नकदी 20 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भरत कुमार रूपचंदानी 35 वर्ष कपिस विहार अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का रविभवन में मां शक्ति मोबाइल शॉप नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने बीती रात प्रार्थी के दुकान का ताला तोडक़र एक नग रियलमी मोबाइल और नकदी 20 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 29048 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पहली बार प्रदान किए पर्यावास अधिकार मान्यता पत्र : कमार पर्यावास अधिकार प्राप्त करने वाला पहला जनजाति समूह

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह ''कमार'' को एक विशेष तोहफा देते हुए उन्हें पर्यावास अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए। प्रदेश में पहली बार विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को पर्यावास अधिकार प्रदान किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को पर्यावास अधिकार दिया गया है। इसी तरह कमार जनजाति समूह प्रदेश का पहला जनजाति समूह है, जिसे राज्य शासन द्वारा पर्यावास अधिकार मिला है। मुख्यमंत्री बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में धमतरी जिले के मगरलोड विकासखण्ड अंतर्गत स्थित मगरलोड पाली/उपक्षेत्र (परंपरागत क्षेत्र) के 22 कमार पारा/टोला के मुखिया को पर्यावास अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, आदिम जाति विकास विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी सहित कमार जनजाति के मुखिया उपस्थित थे।

**पर्यावास अधिकार -** वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा 2 (ज) में पर्यावास अधिकारों को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार सामान्यत: पर्यावास अधिकार पीव्हीटीजी के पर्यावास क्षेत्र के अंतर्गत उनके पारंपरिक एवं रूढिग़त सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और आजीविका से संबंधित पारिस्थितिकी तंत्र पर पारंपरिक रूप से निर्भरता एवं जैव विविधता अथवा पारंपरिक ज्ञान का अधिकार मान्य करने के साथ उनके संरक्षण एवं संवद्र्धन हेतु मान्यता प्रदान करता है। पर्यावास अधिकार प्रदान करने की यह पहल अन्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों तथा कमार जनजाति समुदाय की अन्य पालियों, उपक्षेत्रों के लिए भी एक मार्गदर्शिका सिद्ध होगा एवं शीघ्र ही अन्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के लिए भी इस दिशा में प्रयास किया जाएगा।

**सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों के उपयोग के लिए चलाया जाए जनजागरूकता अभियान - मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों को अधिकार सम्पन्न बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। समर्थन मूल्य पर धान, लघु वनोपजों, मिलेट्स की खरीदी के साथ व्यक्तिगत, सामुदायिक वन अधिकार पत्र, सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार प्रदान किए गए हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां वन अधिकार मान्यता पत्र के माध्यम से आदिवासियों और वनवासियों को दी गई जमीन की ऋण पुस्तिका बनाई गई है। ऋण पुस्तिका बनने से पट्टेधारियों के लिए समर्थन मूल्य पर कृषि और लघु वनोपजों तथा मिलेट्स उपज बेचना संभव हो रहा है। इसके साथ ही साथ उन्हें कृषि कार्यों के शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण भी उपलब्ध हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक तथा वन संसाधन वन अधिकार मान्यता पत्र के माध्यम से लाखों हेक्टेयर जमीन वनवासियों को दी गई है। सामुदायिक तथा वन संसाधन मान्यता पत्र के माध्यम से मिले अधिकारों का उपयोग पट्टाधारी किस तरह कर सकें इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए आज वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में जागरूकता हेतु ग्राम सभाओं में जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का प्रथम चरण वन अधिकार मान्यता पत्र की प्रक्रिया की जानकारी पर केन्द्रित था।

## राज्य के तकनीकी एवं फॉर्मेसी संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीयन 11 से

### ❒ प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए तकनीकी एवं फॉर्मेसी संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से होगी। संचालनालय तकनीकी शिक्षा के अनुसार बैचलर ऑफ टेक्नॉलाजी के साथ इंजीनियरिंग, आर्किटेक्ट, कास्ट्यूम डिजाइन एवं ड्रेस मेकिंग, इंटीरियन डेकोरेशन, मार्डन ऑफीस मैनेजमेंट और हॉटल मैनेजमेंट एवं केटरिंग टेक्नालॉजी में डिप्लोमा कोर्सेस के लिए पहले चरण के लिए पंजीयन 11 अगस्त से 15 अगस्त तक होगा। सीटों का आबंटन 17 अगस्त को, एवं प्रवेश प्रक्रिया 18 अगस्त से 21 अगस्त तक चलेगी। इसी तरह द्वितीय चरण के लिए पंजीयन 22 से 26 अगस्त तक, सीटों का आबंटन 29 अगस्त को एवं प्रवेश प्रक्रिया 31 अगस्त से 04 सितंबर तक चलेगी। संस्था स्तर पर पंजीयन 09 सितंबर से 11 सितंबर तक होगी। प्रवीण्यता सूची 13 सितंबर को जारी होगी एवं प्रवेश प्रक्रिया 14 से 15 सितंबर तक चलेगी। इस संबंध में अभ्यर्थी ूबहकजमतंपचनतण्बहेजंजमण्हव अण्पद वेबसाइट में जाकर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इसी तरह मास्टर ऑफ फार्मेसी, मास्टर ऑफ बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एपलीकेशन, मास्टर ऑफ टेक्नॉलाजी और बैचलर ऑफ फॉर्मेसी एवं डिप्लोमा फॉर्मेसी के लिए प्रथम चरण में पंजीयन 14 अगस्त से 18 अगस्त तक, सीटों का आंबटन 21 अगस्त को एवं प्रवेश प्रक्रिया 22 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगी। द्वितीय चरण के लिए पंजीयन 26 अगस्त से 30 अगस्त तक, सीटों का आबंटन 01 सितंबर को एवं प्रवेश प्रक्रिया 02 सितंबर से 05 सितंबर तक चलेगी। संस्था स्तर पर पंजीयन 09 सितंबर से 11 सितंबर तक होगा। प्रवीण्यता सूची 13 सितंबर को जारी होगी। प्रवेश प्रक्रिया 14 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगी।

बैचलर ऑफ फॉर्मेसी, बैचलर ऑफ टेक्नॉलाजी एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए लेटरल माध्यम से प्रवेश के लिए पहले चरण में पंजीयन 17 अगस्त से 21 अगस्त तक, सीटों का आबंटन 23 अगस्त एवं प्रवेश प्रक्रिया 24 अगस्त से 27 अगस्त तक चलेगी। द्वितीय चरण के लिए पंजीयन 28 अगस्त से 31 अगस्त तक, सीटों का आबंटन 02 सितंबर को एवं प्रवेश प्रक्रिया 04 सितंबर से 07 सितंबर तक चलेगी। संस्था स्तर पर पंजीयन 09 सितंबर से 11 सितंबर तक, प्रवीण्यता सूची 13 सितंबर को एवं प्रवेश प्रक्रिया 14 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगी।

## युवाओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव 17 से

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए 17 अगस्त से 23 अगस्त 2023 तक प्लेसमेंट ड्राइव की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन की यह पहल युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है।

युवाओं के लिए आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव 17 अगस्त को आईटीआई सड्डू में हॉस्पिटैलिटी (होटल एण्ड रेस्टोरेंट) सेक्टर पर केंद्रित होगी। हेल्थकेयर (हॉस्पिटल्स) सेक्टर प्लेसमेंट ड्राइव 18 अगस्त को बैरन बाजार स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित होगी। 19 अगस्त को बिरगांव के आडवाणी आर्लिकन स्कूल में उद्योगों (इन्डस्ट्रीज) में तकनीकी पदों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव होगी। 22 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के साथ-साथ वित्त (बैंकिंग एण्ड फायनेंस) और सुरक्षा क्षेत्रों पर केंद्रित प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 23 अगस्त को लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में लोन मेला का भी आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजग़ार आधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार मेले में भाग लेने के लिए युवा रायपुर रोजगार संगी वेबसाइट और एप्लीकेशन पर पंजीयन कर सकते हैं।

## उत्पाती हाथियों ने किया धरमजयगढ़ का रूख

**कोरबा (आरएनएस)।** वन मंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज अंतर्गत जिल्गा गांव में पिछले दो दिनों से उत्पात मचाकर ग्रामीणों के एखेत में लगे धान व थरहा को नुकसान पहुंचाने वाला 13 उत्पाती हाथियों का दल धरमजयगढ़ का रूक कर लिया है। जबकि कटघोरा वन मंडल के एतमा नगरए पसान,जटगा व केंदई रेंज में अभी भी बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे है। जिससे क्षेत्र वासियों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार आधा दर्जन हाथी पसान रेंज के जल्के सर्किल के सेमरहा में है। जबकि जटगा रेंज के पहाड़ में 7 हाथी पिछले 3 माह से डेरा डाले हुए है। इस दल में एक शावक भी शामिल हे। दल में शावक होने के कारण हाथी उसकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगे नही बढ़ रहे है। हाथी लगातार पहाड़ पर ही घूम रहे है। वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी की जा रही है। केंदई रेंज के परला क्षेत्र में 17 तथा एतमा नगर के मडई क्षेत्र में 16 हाथियों का दल घूम रहा है। इन हाथियों ने यहां कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है। फिर भी वन विभाग के अधिकारी सर्तकर्ता बरत रहे है। वन विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि क्षेत्र के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी सक्रिय है अतरू हाथियों की मौजुदगी वाले जंगल से दूरी बनाए रखे । हाथियों को देखने जंगल न जाए।

## मानसून हुआ कमजोर, थम गई बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** जुलाई में हुई अच्छी बारिश के बाद अब अगस्त के पहले सप्ताह में छत्?तीसगढ़ में मानसून सिस्टम कमजोर पड़ गया है। इसके चलते बारिश भी थम सी गई है और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। विभाग का कहना है कि कम से कम सप्ताह भर तो कम बारिश कम ही होगी। फिलहाल अरब सागर से काफी मात्रा में नमी आ रही है, इसके प्रभाव से ही बादल छा रहे है और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है।

मंगलवार को रायपुर सहित प्रदेश भर में हल्के बाद छाए रहे, इसके साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही बने रहने की उम्मीद है। मालूम हो कि प्रदेश में पांच अगस्त तक 616.1 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य वर्षा की तुलना में तीन फीसद कम है। इसके साथ ही प्रदेश में सर्वाधिक वर्षाबीजापुर में 1074.6 मिमी वर्षा हुई है और सरगुजा में सबसे कम 327.9 मिमी वर्षा हुई है। रायपुर में 775.2 मिमी वर्षा हुई है,जो सामान्य से 36 फीसद ज्यादा है।

## वैशालीनगर के पास भारी वाहन ने बाइक को मारी ठोकर, दो कर्मियों की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** निर्माणाधीन कोरबा.कुसमुंडा फोरलेन सडक़ पर पिछली रात्रि हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। ये दोनों एसईसीएल के कर्मी थी। उनकी पहचान करने के साथ पुलिस ने 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया। दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को जप्त करने के साथ मृत कर्मियों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

गत बीती रात्रि लगभग 10.30 बजे यह हादसा कुसमुंडा फोरलेन पर पुराने पेट्रोल पंप वैशालीनगर के पास हुआ। जानकारी मिली की रास्ते के निर्माण की प्रक्रिया में होने से कई प्रकार की समस्याएं है और अजमंजस जैसी स्थिति भी बनी हुई है। इन सबके बीच दिन और रात में वाहनों का परिचालन जारी है। जन सामान्य को भी इसी स्थिति में आवाजाही करनी पड़ रही है। खास तौर पर रात्रिकालीन अवागमन करने के दौरान प्रकाश व्यवस्था न होने और प्रदूषण की दुष्वारियों के चक्कर में दुपहिया चालकों को समझ ही नहीं आता कि आगे क्या कुछ माजरा है। बताया गया कि रात्रि को हुए हादसे में यही तस्वीर जिम्मेदार बनी। इसमें जगतराम मिंज निवासी विकास नगर 44 वर्ष और उसके एक सहयोगी की मौत हो गई। ये दोनों बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहे थे। वैशाली नगर के पुराने पेट्रोल पंप के पास पहुंचने के दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 डीजे 7999 के चालक ने गलत दिशा का उपयोग करते हुए दुपहिया सवार दोनों एसईसीएल कर्मियों को चपेट में ले लिया। भारी वाहन के पिछले हिस्स के संपर्क में आने के साथ कर्मी मौके पर गिर पड़े। वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही इनकी मौत हो गई। लहुलुहान की स्थिति में उनके शव यहां पर मिले। रात्रि में यहां आवाजाही करने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। कुसमुंडा पुलिस ने यहां पहुंचकर फौरी तौर पर कार्रवाई की। मृतकों के शव हटाने के साथ में मर्च्युरी भेजा गया जबकि दुर्घटना कारित भारी वाहन को जप्त कर लिया गया है। वैशाली नगर के पास रात्रि में भारी वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। एसईसीएल कर्मियों के तौर पर उनकी पहचान की गई है। प्रकरण में फिलहाल मर्ग कायम कर अगली कार्रवाई की जा रही है। मार्ग पर कई प्रकार की अड़चने होने के कारण इस प्रकार के हादसे हो रहे है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# भारी मात्रा में चांदी और नगदी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के साइबर सेल और सिंघोड़ा पुलिस को भारी मात्रा में चांदी और नगदी के साथ 2 लोगों को पकडऩे में सफलता हासिल हुई है। एनएच-53 में रेहटीखोल चेक पोस्ट के पास 2 व्यक्ति पकड़े गए है। जिनसे 71.811 किलो चांदी और 1 लाख 83 हजार नगद के साथ एक कार जब्त किया गया है। जब्त चांदी की कीमत 35 लाख 18 हजार रुपये बताई गई है। पकड़े गए दोनों व्यक्ति का नाम महेश साहू और विष्णुप्रसाद ठाकुर है जो राजधानी रायपुर के निवासी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राज्जीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छत्तीसगढ़ ओडिसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की रेनॉल्ट क्वीड कार क्रमांक 9310 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया।

**चेक पोस्ट पर जांच के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े-** कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम महेश साहू पिता उमेश कुमार साहू उम्र 26 वर्ष सा. लाखेनगर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर और वाहन चालक ने अपना नाम विष्णुप्रसाद ठाकुर पिता मनमोहन ठाकुर उम्र 30 वर्ष सा. इंद्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा थाना ढीढी नगर जिला रायपुर का होना बताया। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नहीं देने और जवाब गोलमोल, संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर वाहन की तलाशी ली गई। तो पीछे डिक्की में अलग-अलग बैंग रखा हुआ मिला।

**कार की डिग्गी में मिला चांदी का जखीरा-** इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ और कार डिक्की को खुलवाकर चेक किया गया तो कार की डिक्की में अलग-अलग विभिन्न बैंगों में रखी मिला। जिसे खोल चेक करने पर भारी मात्रा में चांदी की आभूषण, चांदी की सिल्ली और नगदी मिली। जिसे निकालकर चेक करने पर भारी मात्रा में चांदी के विभिन्न आभूषण (पायल, अंगूटी, ब्रेसलेट आदि आभूषण), चांदी की सिल्ली कुल वजनी 71.811 किलो ग्राम और 183450 रुपये नगदी रकम रखे मिला।

**पुलिस ने की कार्यवाही-** पुलिस की टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों से नगदी रकम और चांदी की ज्वेलरी के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई भी वैधानिक दस्तावेज पेश नही कर पाया। और पुलिस गोलमोल जवाब दे रहे थे। दोनो का आचरण भी संदिग्ध था। चांदी की ज्वेलरी और चांदी की सिल्ली एवं नगदी रकम के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होने से चांदी की आभूषण और सिल्ली वजनी लगभग 71.811 किलो ग्राम कीमती करीबन 35,18,439/- रुपये और वाहन रेनॉल्ट क्वीड कार क्र0 ष्ट्र 04 रु। 9310 सफेद रंग की कीमती करीबन 2,00,000 रुपये को एवं नगदी रकम 1,83,450 रुपये को थाना सिंघोडा में जब्त कर कार्रवाई की।